भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *205

जिसका उत्तर 13 मार्च, 2025 को दिया जाना है।

.....

झारखंड में किसानों को सिंचाई हेतु उपलब्ध साधन

*205. श्री मनीष जायसवाल:

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड में किसानों को सिंचाई के क्या-क्या विभिन्न साधन उपलब्ध हैं; और

(ख) सरकार द्वारा लिफ्ट सिंचाई के लिए किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति मंत्री श्री सी. आर. पाटील

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

*****

‘झारखंड में किसानों को सिंचाई हेतु उपलब्ध साधन’ के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *205 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क): जल संसाधन परियोजनाओं की आयोजना, वित्तपोषण, निष्पादन और रखरखाव राज्य सरकारों द्वारा स्वयं उनके अपने संसाधनों और प्राथमिकताओं के अनुसार किया जाता है। भारत सरकार की भूमिका इस मंत्रालय की चल रही योजनाओं के अंतर्गत कुछ चिह्नित परियोजनाओं को प्रेरक के रूप में तकनीकी सहायता प्रदान करने और आंशिक वित्तीय सहायता प्रदान करने तक सीमित है। झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, राज्य में 24.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई क्षमता में से 2.53 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 105 पूर्ण की गई वृहद और मध्यम सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई उपलब्ध कराई जा रही है, 4.44 लाख हेक्टेयर भूमि 27 चल रही वृहद एवं मध्यम सिंचाई योजनाओं से सिंचित किया जाना परिकल्पित है तथा लघु सिंचाई योजनाओं के माध्यम से 3.33 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित किया जा रहा है।

(ख): भारत सरकार की प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना- त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत, लिफ्ट सिंचाई घटक सहित कुल 23 जल संसाधन परियोजनाओं को केन्द्रीय सहायता प्रदान की जा रही है। इनमें से 9 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 14 परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं।

झारखंड सरकार द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, झारखंड में 6 वृहद और मध्यम लिफ्ट सिंचाई योजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं। इसका ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है। इसके अलावा, लघु सिंचाई के अंतर्गत झारखंड में 10,562 हेक्टेयर की परिकल्पित सिंचाई क्षमता के साथ 26 लिफ्ट सिंचाई योजनाएं चल रही हैं।

*****

अनुलग्नक

"झारखंड में किसानों को सिंचाई हेतु उपलब्ध साधन" के संबंध में दिनांक 13.03.2025 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *205 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

झारखंड में चल रही प्रमुख और मध्यम लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का विवरण

क्रम सं.	योजना का नाम	कृषि योग्य कमान क्षेत्र (हेक्टेयर में)
1	सोन-कन्हर पाइपलाइन सिंचाई योजना	22,000
2	मसलिया-रणेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना	22,326
3	सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना	13,164
4	पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना (संवर्धन योजना)	-
5	पिरटांड मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना	8,531
6	भीमखंड माइक्रो लिफ्ट सिंचाई योजना	1,000

*****